Consuming Sector	1991-92 Demand	1991-92 Actual supply	1991-92 Percentage satisfaction	1992-93 Demand	1992-93 Actual supply	1992-93 Percentage satisfaction
Steel	33.70	31.33*	93.0	35.10	32.13*	91.05
Power	142.00	134.71	94.9	147.10	146.77	99.8
	(3.00)	(2.40)	(80.0)	(2.90)	(2.47)	(85.2)
Railways	4.70	4.46	94.9	4.00	3.22	80.5
Cement	13.10	9.97	76.1	14.10	10.73	76.1
Fertilizer	4.00	4.31	107.8	4.00	4.53	113.3
Soft Coke . . .	2.50	0.97	38.8	4.40	0.63	14.3
Export	1.00	0.12	12.0	0.50	0.09	18.0
BRK/Other ; . . .	40.00	39.61	99.0	45.00	39.31	87.4
	(2.00)			(2.40)		
Colliery Consumption .	4.00	4.11	102.8	3.90	3.99	102.3
Total :	245.00	229.64	93.7	258.10	241.00	93.5
	(5.00)	(2.40)	(48.0)	(5.30)	(2.47)	(46.6)

*Includes imported coal, figures in brackets indicate middlings.

It is seen from the above data that assessed demands for BRK/Other consumers and soft coke have been stepped up substantially dnring 1992-93.

अच्छी किस्म के कोयले का उत्पादन

25. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अच्छी किस्म के कोयले के उत्पादन में लगातार कमी हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों के दौरान अच्छी किस्म के कोयले का कुल कितना उत्पादन हुआ है ; और

(ग) अच्छी किस्म के कोयले का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किये गये प्रयासों का ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजीत कुमार पांजा) : (क) और (ख) कई वर्षों से कोयला के उत्पादन मिश्रण की गुणवत्ता में गिरावट इस कारण आई है क्योंकि विद्युत उत्पादन के लिए कोयले की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए निम्न ग्रेड के कोयले का उत्पादन किए जाने के लिए अनेक नई कोयला खानें खोली गई हैं । इसके परिणामस्वरूप ऐसे ग्रेड के कोयले का उत्पादन बेहतर ग्रेड के कोयले के उत्पादन की तुलना में काफी अधिक है । पिछले 3 वर्षों के दौरान उच्च ग्रेड के

अकोककर कोयले (ग्रेड "ए" से "सी" तथा असम कोयला) तथा धुले हुए कोककर कोयले के उत्पादन के आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

(मिलियन टन में)

वर्ष	"ए" से "सी" तथा असम कोयला के अकोककर कोयले का उत्पादन	धुले हुए कोककर कोयला (जिसमें प्रत्यक्ष फीड भी शामिल है) का उत्पादन
1990–91	67.24	12.10
1991–92	72.14	13.06
1992–93 (अनंतिम)	75.37	13.40

(ग) अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले की उपलब्धता में वृद्धि किए जाने के लिए कुछ निम्न कदम उठाए जा रहे हैं :—

(1) चालू परियोजनाओं का तेजी से विकास किया जाना तथा "ए" से "सी" ग्रेड के कोयले के उत्पादन के लिए नई खानों को खोला जाना ।

(2) विद्युत तथा अन्य उद्योगों के लिए एक समान गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति किए जाने के लिए कोयला रखरखाव व्यवस्था की स्थापना किया जाना ।

(3) विद्यमान कोककर कोयला वाशरियों में संशोधन तथा आधुनिकीकरण करना ।

(4) इस्पात संयंत्रों के उपयोग के लिए विभिन्न ग्रेड के मध्यम कोक कर कोयले की धुलाई के लिए नई वाशरियों की स्थापना किया जाना ।

(5) कुछ दूरस्थ विद्युत गृहों, जो कि कोलफील्ड्स से 1000 कि० मी० से भी अधिक की दूरी पर स्थित हैं, के लिए परिष्कृत कोयले की आपूर्ति किए जाने के लिए कोयला परिष्करण परियोजनाओं की स्थापना किया जाना ।

उत्तर प्रदेश में कोयले के थोक विक्रेता

26. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कोयले के कितने थोक विक्रेता हैं और उनके नाम क्या हैं तथा वे किन-किन क्षेत्रों में अपना व्यवसाय कर रहे हैं;

(ख) उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित विक्रेताओं में से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कितने विक्रेता हैं तथा उनके नाम क्या-क्या हैं और

(ग) क्या इन विक्रेताओं की संख्या संतोषजनक है, यदि नहीं, तो क्या निकट भविष्य में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कुछ और थोक विक्रेताओं/अभिकर्ताओं को नियुक्त किए जाने का कोई प्रस्ताव है ?

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) से (ग) देश के विभिन्न भागों में छोटे उपभोक्ताओं को कोयले की उपलब्धता में सुधार किए जाने की दृष्टि से कोल इंडिया लि० ने कोयले में थोक बिक्री व्यापार को विकसित किए जाने की एक नई योजना चलाई है। इस योजना के अंतर्गत कोल इंडिया लि० की सहायक कंपनियों खुले विज्ञापन के आवेदनों के जरिए थोक बिक्री डीलरों की नियुक्त करेंगी। प्रत्येक डीलर प्रति माह न्यूनतम 3,000 टन तक कोयला उठा सकता है। डीलरों को कोयले की बिक्री करने के मामले में स्वतंत्रता होगी तथा इस प्रकार के कोयले का मूल्य भी वे ही निर्धारित करेंगे ।